UPEW010028702024

**न्यायालय विशेष न्यायाधीश,एससी/एसटी(पी०ए०)एक्ट, इटावा।**

परिवाद/सत्रवाद संख्या– 595/2024

लाली बनाम उशदीप सिंह आदि।

**23.05.2026**

पुकारा गया। परिवादिनी अनुपस्थिति।

परिवादिनी की ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन द्वारा विदित होता है कि दिनांक 22.04.2026 में परिवादिनी को विपक्षीगण की जाति के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु आदेशित किया गया था। उसके उपरान्त पत्रावली 11.05.2026 के लिये नियत की गयी। दिनांक 11.05.2026 में भी परिवादिनी की ओर से कोई उपस्थित नहीं आया है तथा न ही आज परिवादिनी की ओर से कोई उपस्थित है। परिवादिनी की ओर से आदेश दिनांक 22.04.2026 के अनुपालन में विपक्षीगण की जाति के सम्बन्ध में भी स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

उपरोक्त तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अनुपालन न करने के कारण प्रस्तुत परिवाद/सत्रवाद निरस्त किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार हो।

**(संजय कुमार IV)**

जे. ओ.कोड यू०पी०–6462

विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी.(पी.ए.)एक्ट.

इटावा।

23.05.2026

Digitally signed by SANJAY KUMAR
Date: 2026.05.23 10:43:31 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court